16U303 (Pages:2) Name: ……………………

Reg. No…………………

THIRD SEMESTER UG DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS - UG)

CC15U HN3 A09 - LITERATURE IN HINDI

(Hindi - Common Course)

(2015 Admissions - Supplementary/Improvement)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. 1 से 10 तक के <u>सभी प्रश्नों के उत्तर</u> अनिवार्य है।

(क) कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

1. निर्गुण भक्ति-धारा के प्रमुख कवि कौन हैं ?

   (कबीर, सूरदास,निराला,मुक्तिबोध)

2. कवि को कदम कदम पर क्या मिलते हैं ?

   (आदमी,आँसू,चौराहे,धूल)

3. "घर संभालकर रखना" – ग्राम वधू से यह किसने कहा ?

   (मौसी ने, माँ ने,सहेलियों ने, पिता ने)

4. 'नमक का दारोगा' के ज़मींदार का नाम क्या है ?

   (वंशीधर,आलोपीदीन,सुभाष,जगजीवन)

5. 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' किस विधा की रचना है ?

   (निबंध,व्यंग्य,संस्मरण,यात्रा-वृत्त)

(ख) उचित शब्दों से खाली स्थान भरिए।

6. सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना का नाम ------ है।
7. ------ की तरह सच हमारे ऊपर है।
8. महादेवी वर्मा को ------ कृति केलिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।
9. मोहन राकेश मूल रूप से ------ विधा के रचनाकार थे।
10. ------ हिंदी के महान् व्यंग्य-साहित्यकार हैं।

(10 x 1 = 10 Marks)

II. <u>किन्हीं दस</u> प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

11. कबीरदास अपने को क्यों दुःखी मानते हैं ?
12. महादेवी वर्मा चीनीभाई की गठरी क्यों खरीद लेती हैं ?

13. रेलगाडी के यात्री क्यों झाँककर देखते हैं ?

14. कलकत्ता के फुटपाथ लेखक को क्यों अजीबोगरीब लगते हैं ?

15. आधुनिक मानव और सच के बीच का संबंध क्या है ?

16. पिताजी की राय में वंशीधर क्यों अविवेकी है ?

17. पति के हाथ से पिटी जानेवाली औरत उससे क्या पूछती है ?

18. लेखक को क्यों लगता है कि कोई गज़ल गज़ल नहीं है, कोई गीत गीत नहीं है ?

19. कृष्ण की कृपा से रंक यानि गरीब की क्या दशा होती है ?

20. भगवान की राय में भगत का अपराध क्या है ?

21. मुक्तिबोध के अनुसार आज के लेखक की कठिनाई क्या है ?

22. चीनी को क्यों लगता है कि उसकी बहिन से मिलना संभव नहीं है ?

(10 X 2 = 20 Marks)

III. <u>किन्हीं चार</u> अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

23. रूप-रेख-गुन-जाति जुगति बिनु, निरालंब कित धावै ।
सब विधि अगम विचारहिं तातैं, सूर सगुन पद गावैं ।।

24. माँ अब नहीं है
और यमराज की दिशा भी वह नहीं रही
जो माँ जानती थी ।

25. मैं मनुष्य हूँ । आदमी हूँ । व्यक्ति हूँ । नागरिक हूँ ।
इस गुण्डा समय में हुए बिना
क्या मैं यह सब हो सकता हूँ ?

26. "यह आंदोलनों का नगर है । युगों से प्रतिक्षण यहाँ एक न एक नया आंदोलन उमडता आया है ।"

27. "यहाँ सब देवता मेरी हँसी उडाते हैं । मेरी पत्नी मज़ाक करती है कि यह भगत तुम्हें बहरा समझता है ।"

28. "अब सौभाग्य और सुअवसर ने मुझे वह मोती दे दिया है जिसके सामने योग्यता और विद्वत्ता की चमक फीकी **पड जाती है ।**"

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. <u>किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए ।</u>

29. 'संध्या सुंदरी' में अभिव्यक्त प्रकृति चेतना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

30. 'विज्ञापन युग' शीर्षक निबंध में उभरे हुए विचारों की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए ।

31. सांस्कृतिक विमर्श की दृष्टि से 'ए.बी.सी.डी.' की समीक्षा कीजिए ।

(2 x 15 = 30 Marks)

****